1. सुमित्रानन्दन 'पंत' ने कौन-सी पत्रिका का संपादन किया था

(1) नीलाभ

(2) पल्लव

(3) रूपाभ

(4) प्रतीक

2. निम्न में कौन-सा कवि छायावादी काव्यधारा का कवि *नहीं है*

(1) जयशंकर प्रसाद

(2) सुमित्रानन्दन 'पंत'

(3) महादेवी वर्मा

(4) मैथिलीशरण गुप्त

3. 'झंझा' शब्द का सही विलोम बताइये

(1) उमस

(2) समीर

(3) निष्पन्द

(4) शांति

4. 'ऋणात्मक' का सही विलोम शब्द है

(1) मानात्मक

(2) अनात्मक

(3) धनात्मक

(4) गुणात्मक

5. 'अन्ततोगत्वा' का सन्धि-विच्छेद है

(1) अन्त + तोगत्वा

(2) अन्तओ + गत्वा

(3) अन्ततः + गत्वा

(4) अन्तत + ओगत्वा

6. भारत की पहली मूक फिल्म बनाने का श्रेय किसे है

(1) दादा साहब फाल्के को

(2) व्ही शांताराम को

(3) पृथ्वीराज कपूर को

(4) बी.आर. चोपड़ा को

7. निम्न में कौन-से अक्षर संयुक्ताक्षर हैं

(1) श, ष, स

(2) क्ष, त्र, ज्ञ

(3) ह, र, ख

(4) च, छ, त्र

8. 'कृष्ण' का पर्यायवाची शब्द *नहीं है*

(1) मधुसूदन

(2) माधव

(3) लम्बोदर

(4) मुरलीधर

www.satishlecturer.com

9. 'विटप' निम्न में से किस शब्द का पर्यायवाची है

(1) पेड़ का

(2) तने का

(3) जड़ का

(4) फल का

10. 'अवज्ञा' शब्द में उपसर्ग है

(1) अव

(2) अ

(3) अव्

(4) अ्

11. निम्न में से कौन-सी कृति के लेखक रामविलास शर्मा हैं

(1) आवारा मसीहा

(2) ठेले पर हिमालय

(3) निराला की साहित्य साधना

(4) राम की शक्तिपूजा

12. 'अहन' किसका पर्यायवाची शब्द है

(1) रात का

(2) दिन का

(3) प्रातः का

(4) दोपहर का

13. 'एक मंत्री स्वर्गलोक में' कृति के लेखक का नाम है

(1) शंकर पुणतांबेकर

(2) भगवतीशरण सिंह

(3) कृश्न चंदर

(4) शेखर जोशी

14. निम्न विकल्प में से शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए

(1) मध्यान्त

(2) मध्यान्ह

(3) मध्याह्न

(4) मध्यान

15. निम्न में से किसने बालपत्रिका 'वानर' का संपादन किया था

(1) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना ने

(2) अज्ञेय ने

(3) रामनरेश त्रिपाठी ने

(4) नरेशमेहता ने

16. "सबसे खतरनाक होता है हमारे सपनों का मर जाना" पंक्तियों के लेखक हैं

(1) दुष्यंत कुमार

(2) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(3) अवतार सिंह पाश

(4) निर्मला पुतुल

www.satishlecturer.com

17. दोहा कौन-सा छंद है

(1) मात्रिक अर्द्धसम

(2) मात्रिक सम

(3) मात्रिक विषम

(4) वर्णिक सम

18. 'कनक-कनक ते सौगुनी मादकता अधिकाय
वा खाए बौरात नर, वा पाए बौराय"
दोहे में कौन-सा अलंकार है

(1) श्लेष

(2) अनुप्रास

(3) यमक

(4) उपमा

19. 'नासिका' शब्द निम्न में से कौन-सा शब्द है

(1) देशज

(2) तद्भव

(3) तत्सम

(4) विदेश

20. 'चन्दनबाला रास' के लेखक हैं

(1) आसगु

(2) चंदबरदाई

(3) चंदनकवि

(4) जगनिक

21. 'कविता का गांधी' किसे कहा गया है

(1) मैथिलीशरण गुप्त को

(2) सुमित्रानन्दन पंत को

(3) त्रिलोचन को

(4) भवानीप्रसाद मिश्र को

22. हिन्दी गद्य को आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के बाद व्यापक क्षितिज प्रदान करने का श्रेय है

(1) रांगेयराघव को

(2) रामविलास शर्मा को

(3) हजारीप्रसाद द्विवेदी को

(4) बाबू गुलाब राय को

23. 'स्टिंग ऑपरेशन' कौन-सी पत्रकारिता का रूप है

(1) विशेषीकृत पत्रकारिता का

(2) खोजी पत्रकारिता का

(3) पीत पत्रकारिता का

(4) ग्रामीण पत्रकारिता का

24. करुण रस का स्थायी भाव होता है

(1) शोक

(2) दुःख

(3) करुणा

(4) क्लेश

www.satishlecturer.com

25. 'जड़ की मुस्कान' कविता में तना जड़ को क्या कहता है

(1) नींव

(2) आकार

(3) निर्जीव

(4) जीवन्त

26. 'आँख' से सम्बन्धित कौन-सा मुहावरा प्रचलित नहीं है

(1) आँख चुराना

(2) आँख दिखाना

(3) आँख में आ जाना

(4) आँख से गिरना

27. निम्न में से शुद्ध शब्द का चयन कीजिए

(1) आशीर्वाद

(2) आशिर्वाद

(3) आर्शिवाद

(4) आशिसवाद

28. 'अपनी खबर' के लेखक का नाम है

(1) पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र'

(2) प्रभाकर माचवे

(3) चतुरसेन शास्त्री

(4) मोहन राकेश

29. 'राजपुरुष' में कौन-सा समास है

(1) बहुव्रीहि

(2) कर्मधारय

(3) द्विगु

(4) तत्पुरुष

30. 'पैरों में पंख बाँधकर' डायरी के लेखक हैं

(1) रामवृक्ष बेनीपुरी

(2) कुँअर बेचैन

(3) शिवपूजन सहाय

(4) सेठ गोविन्ददास

31. 'कैवल्य' शब्द का पर्यायवाची बताइये

(1) दण्ड

(2) प्रीति

(3) केशव

(4) मुक्ति

32. 'सम्राट' का स्त्रीलिंग है

(1) सम्राटी

(2) रानी

(3) महारानी

(4) सम्राज्ञी

www.satishlecturer.com

33. निम्न में से किस कृति के लेखक हजारी प्रसाद द्विवेदी हैं

(1) शेखर : एक जीवनी

(2) आवारा मसीहा

(3) अन्धेरे बंद कमरे

(4) बाणभट्ट की आत्मकथा

34. 'लकीर का फकीर होना' मुहावरे का सही अर्थ है

(1) लकीर बना कर चलना

(2) पुराने रीति–रिवाजों में जकड़ा होना

(3) फकीर की तरह चलना

(4) सिद्धान्तवादी होना

35. 'उष्ट्र' शब्द निम्न में से कौन-सा शब्द है

(1) तत्सम्

(2) तद्भव

(3) देशज्

(4) विदेशी

36. निम्न में कौन-सा उपन्यास धर्मवीर 'भारती' द्वारा लिखित है

(1) नदी के द्वीप

(2) गणदेवता

(3) देवदास

(4) गुनाहों का देवता

37. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना कौन-से सप्तक के कवि हैं

(1) तार सप्तक के

(2) दूसरा सप्तक के

(3) तीसरा सप्तक के

(4) चौथा सप्तक के

38. 'जंगम' शब्द का सही विलोम बताइये

(1) आखिर

(2) अधर

(3) अस्थायी

(4) स्थावर

39. 'हिन्दुस्तान की कहानी' के लेखक हैं

(1) प्रभाकर माचवे

(2) जवाहर लाल नेहरू

(3) भारतेंदु हरिश्चन्द्र

(4) रामविलास शर्मा

40. सूरदास ने कौन-सी भाषा में रचनाएँ की थी

(1) सधुक्कड़ी

(2) अवधी

(3) बृज

(4) खड़ी बोली

www.satishlecturer.com

41. जिन स्वरों का उच्चारण नाक और मुँह से होता है, उन्हें कहते हैं

(1) अनुस्वार

(2) अनुनासिक स्वर

(3) निरनुनासिक

(4) विसर्ग

42. बहुत पढ़ी–लिखी महिला को कहते हैं

(1) शिक्षिता

(2) बुद्धिमती

(3) विदुषी

(4) सरस्वती

43. 'संन्यासी' शब्द का सही संधि विच्छेद होगा

(1) सन् + न्यासी

(2) सम् + न्यासी

(3) सत् + न्यासी

(4) सन + यासी

44. 'एक गधे की आत्मकथा' के लेखक हैं

(1) पंकज बिष्ट

(2) शिवप्रसाद सिंह

(3) कृश्न चंदर

(4) मोहन राकेश

45. हिन्दी में अनुनासिक वर्णों की संख्या कितनी होती है

(1) सात

(2) पाँच

(3) नौ

(4) छः

*निर्देश : (प्रश्न संख्या 46 से 55 तक के लिए) :*

*निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तरों में से सही उत्तर चुनिए :*

संदेह करना पत्रकार का गुण है। उसे चीजों की तह तक जाने की आदत डालनी चाहिए। एक तरह से देखा जाए संदेह और सवाल किसी भी स्थिति में बदलाव के शुरुआती कदम हैं। अगर संदेह न हो और सवाल न उठाए जाएँ, तो परिवर्तन कठिन हो जायेगा। इस प्रयास में यह ध्यान रखना अनिवार्य है कि इससे पत्रकारिता के मूल्य प्रभावित न हों। इसके लिए पत्रकार को चार बैसाखियों का सहारा लेने से नहीं हिचकना चाहिए। ये बैसाखियाँ संकट या दुविधा के समय उसके काम आती हैं।

पहली बैसाखी है – सच्चाई। विश्वसनीयता इसी पर टिकी होती है। लिखने से पहले तथ्यों की पूरी जाँच-परख और उसकी पुष्टि करना अनिवार्य है। उसे बयानों को तोड़ना–मरोड़ना नहीं चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि समाचार में अफवाहों को जगह न मिले। दूसरी बैसाखी है– संतुलन। सच्चाई की कसौटी पर कसे जाने के बावजूद यह अनिवार्य है कि तथ्यों, बयानों और आँकड़ों के इस्तेमाल में संतुलन रखा जाए। विवादास्पद मुद्दों में दोनों पक्षों की बात सामने रखना जरूरी है। एक पक्षीय समाचार असंतुलित होगा। तीसरी बैसाखी है– निष्पक्षता। किसी

www.satishlecturer.com

पत्रकार के लिए 'पक्षपात' अपशब्द की तरह है। जो पत्रकार अपने समाचारों में निष्पक्ष नहीं हो सकता, वह पत्रकार नहीं हो सकता। पक्षपात करने वाले पत्रकार को उसके पाठक ही खारिज कर देते हैं। इसलिए जरूरी है कि पत्रकार समाचार में निजी राय व्यक्त न करे। चौथी बैसाखी है– स्पष्टता। पत्रकारिता साहित्य से भिन्न है। हो सकता है कोई समाचार लालित्यपूर्ण ढंग से लिखा गया हो। उसमें शब्दों की जादूगरी हो लेकिन इसके कारण समाचार में अस्पष्टता का दोष नहीं आना चाहिए। समाचार से कोई भ्रम नहीं पैदा होना चाहिए। उसे शीशे की तरह साफ होना चाहिए। इसके लिए अनिवार्य है कि समाचार में वाक्य छोटे और सीधे रहें तथा उनमें कोई उलझाव न हो।

46. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होना चाहिए
   (1) पत्रकारिता और पत्रकार
   (2) पत्रकार के दायित्व
   (3) पत्रकारिता और बैसाखियाँ
   (4) पत्रकार की बैसाखियाँ

47. पत्रकार को किसकी आदत डालनी चाहिए
   (1) चीजों को साफ देखने की
   (2) चीजों की तह तक जाने की
   (3) चीजों को खुली आँखों से देखने की
   (4) तथ्यों को पूरी तरह देखने की

48. सही वक्तव्य कौन-सा है
   (1) संदेह और सवाल न हो तो परिवर्तन कठिन हो जाएगा
   (2) संदेह और सवालों से परिवर्तन नहीं हो सकता
   (3) संदेह और सवालों से ही परिवर्तन हो सकता है
   (4) संदेह और सवाल परिवर्तन कर सकते हैं

49. पत्रकार को कौन-सी चार बैसाखियों का सहारा लेना चाहिए
   (1) सच्चाई, संतुलन, निष्पक्षता और स्पष्टता
   (2) निष्पक्षता, निर्भीकता, तथ्यात्मकता और स्पष्टता
   (3) स्पष्टता, सच्चाई, साफगोई और आँकड़े
   (4) संतुलितता, बयान, बहुज्ञता और आँकड़े

50. पत्रकार के लिए अपशब्द की तरह है
   (1) निजी राय
   (2) समाचार में अस्पष्टता
   (3) बयानों को तोड़ना–मरोड़ना
   (4) पक्षपात

www.satishlecturer.com

51. समाचार में क्या सुनिश्चित करना चाहिए
   (1) समाचार में पाठक संदेह नहीं करे
   (2) समाचार में अफवाहों को जगह न मिले
   (3) समाचार से किसी का नुकसान न हो
   (4) समाचार में विवादित मुद्दे न उछाले

52. समाचार में वाक्य कैसे होने चाहिए
   (1) वाक्य छोटे और सीधे रहें
   (2) वाक्य सरल व सीधे रहें
   (3) वाक्य पाठकों की समझ में आने वाले हों
   (4) वाक्य स्पष्ट और अर्थपूर्ण हों

53. पाठक किस तरह के पत्रकार को खारिज कर देते हैं

(1) पक्षपात करने वाले

(2) गलत तथ्य पेश करने वाले

(3) शब्दों की जादूगरी करने वाले

(4) संदेह न करने वाले

54. सही वक्तव्य कौन-सा है

(1) समाचार को शीशे की तरह साफ होना चाहिए

(2) समाचार स्पष्टता लिए होना चाहिए

(3) समाचार साफ शब्दों में लिखा होना चाहिए

(4) समाचार संतुलन बनाने वाला होना चाहिए

55. पत्रकार को समाचार में क्या व्यक्त नहीं करना चाहिए

(1) सार्वजनिक राय

(2) निजी राय

(3) विद्वानों की राय

(4) जनमत की राय

56. ':–' चिह्न को कहते हैं

(1) विराम चिन्ह

(2) विवरण चिन्ह

(3) अर्द्धविराम चिन्ह

(4) अल्पविराम चिन्ह

57. 'बहुत अनुभवी होना' के लिए सही मुहावरा है

(1) घाट–घाट का पानी चखना

(2) घाट–घाट का पानी पीना

(3) घाट–घाट पर नहाया होना

(4) घाट–घाट रुकते जाना

58. 'संयुक्त' का विलोम शब्द कौन-सा है

(1) असंयुक्त

(2) विभक्त

(3) भिन्न–भिन्न

(4) छिन्न–भिन्न

59. निम्न में से कौन-सा शब्द देशज है

(1) पाग

(2) पांग

(3) पग्गड़

(4) पगड़ी

60. 'माध्यम ही संदेश है' यह किसका कथन है

(1) मार्शल मैकलुहान का

(2) रुपर्ट मर्डोक का

(3) राजेन्द्र माथुर का

(4) रेड टर्नर का

www.satishlecturer.com

61. 'बीसलदेव रासो' के रचनाकार का नाम है

(1) शालिभद्रसूरी

(2) नरपति नाल्ह

(3) जगनिक

(4) विद्यापति

62. गजल की विधा को हिन्दी में प्रतिष्ठित करने का श्रेय है

(1) शमशेर बहादुर सिंह को

(2) कुँअर बैचेन को

(3) जगजीत सिंह को

(4) दुष्यंत कुमार को

63. 'महालक्ष्मी का पुल' कहानी के लेखक का नाम है

(1) मोहन राकेश

(2) कमलेश्वर

(3) राजेन्द्र यादव

(4) कृश्नचन्दर

64. निम्न में से कौन-सा कवि 'प्रेम की पीर' का कवि है

(1) जायसी

(2) नानक

(3) रसखान

(4) रहीम

65. प्रिय बोलने वाली स्त्री को कहते हैं

(1) प्रियवंदा

(2) प्रिया

(3) मितभाषिणी

(4) प्रियवादिनी

66. 'अनुसंधान' शब्द के समानार्थी शब्द का चयन कीजिए

(1) प्रणयन

(2) अध्ययन

(3) अन्वेषण

(4) अध्यवसाय

67. प्रसिद्ध कथाकार प्रेमचन्द का मूल नाम था

(1) राय साहब

(2) धनपत राय

(3) प्रेमचन्द किशोर

(4) प्रेमनारायण चन्द

68. हिन्दी साहित्य के इतिहास में 1900 से 1920 तक के युग 'द्विवेदी युग' का नामकरण किसके नाम पर हुआ है

(1) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(2) सोहन लाल द्विवेदी

(3) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(4) राम प्रसाद द्विवेदी

www.satishlecturer.com

69. पहली वर्षा का पानी कहलाता है

(1) नत्य

(2) अतिवृष्टि

(3) नवोदक

(4) नववर्षानी

70. 'द मास्टर एज आई सा हिम' कृति किसने लिखी है

(1) विवेकानन्द

(2) भगिनी निवेदिता

(3) विपिनचन्द्र पाल

(4) जगदीशचन्द्र बोस

71. 'एक भारतीय आत्मा' के उपनाम से किसे जाना जाता है

(1) मैथिलीशरणगुप्त

(2) माखनलाल चतुर्वेदी

(3) रामधारीसिंह 'दिनकर'

(4) जयशंकरप्रसाद

72. भुवनेश्वर प्रसाद को जाना जाता है

(1) कथाकार के रूप में

(2) जीवनीकार के रूप में

(3) कवि के रूप में

(4) एकांकीकार के रूप में

73. निम्न में से कौन-सा युग्म सही *नहीं* है

(1) रामधारी सिंह दिनकर – उर्वशी

(2) जयशंकर प्रसाद – कामायनी

(3) रामनरेश त्रिपाठी – कविताकौमुदी

(4) माखन लाल चतुर्वेदी – अनामिका

74. काव्य में कितने गुण माने गये हैं

(1) तीन

(2) पाँच

(3) चार

(4) दो

75. 'रानी केतकी की कहानी' के लेखक हैं

(1) सदासुखलाल

(2) इंशा अल्ला खाँ

(3) सदलमिश्र

(4) राजा शिवप्रसाद 'सितारे हिन्द'

76. निम्न में से कौन-सी हरिवंशराय बच्चन की आत्मकथा है

(1) क्या भूलूँ, क्या याद करूँ

(2) आपबीती

(3) आत्मकहानी

(4) अपनी आत्मकथा

www.Satishlecturer.com

77. 'आत्मविश्वास' का सही विलोम है

(1) अतिविश्वास

(2) आत्मसंशय

(3) अल्पविश्वास

(4) आत्मशक

78. भारत की पहली बोलती फिल्म का नाम है

(1) जहाँआरा

(2) आलमआरा

(3) मुगलेआजम

(4) सिकंदर

79. भाषा की लघुतम इकाई माना जाता है

(1) शब्द को

(2) वाक्य को

(3) अक्षर को

(4) कॉमा को

80. 'मक्षिका' का तद्भव रूप कौन-सा है

(1) मक्ष

(2) मक्षक

(3) मक्खी

(4) मोक्ष

81. 'तिल का ताड़ बनाना' मुहावरे का अर्थ है

(1) छोटी-सी बात को बड़ा बनाना

(2) तिल को ताड़ की तरह बनाना

(3) काले को सफेद बनाना

(4) बात को बढ़ा–चढ़ा कर कहना

82. निम्न में से कौन-सा व्यंजन अल्पप्राण है

(1) क

(2) ह

(3) ख

(4) ढ

83. रीतिकाल में वीररस की कविता लिखने वाले कवि थे

(1) बिहारी

(2) देव

(3) भूषण

(4) पद्माकर

84. जिस शब्द से किसी कार्य का करना या होना समझा जाता है, उसे कहते हैं

(1) कार्य

(2) क्रिया

(3) सर्वनाम

(4) विशेषण

www.satishlecturer.com

85. भवभूति ने कौन-से रस को एक मात्र रस माना है

(1) करुण रस को

(2) शांत रस को

(3) निर्वेद रस को

(4) भक्तिरस को

86. 'प्रतिक्षण' में कौन-सा समास है

(1) द्विगु

(2) कर्मधारय

(3) द्वन्द्व

(4) अव्ययीभाव

87. निम्न में से कौन-सा लेखक भारतेन्दु युग और द्विवेदी युग के बीच में कड़ी के रूप में जाना जाता है

(1) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(2) बालकृष्ण भट्ट

(3) बालमुकुन्द गुप्त

(4) रामचन्द्र शुक्ल

88. निम्न में से कौन-सी कृति जगनिक ने लिखी है

(1) भरतेश्वर बाहुबली रास

(2) गोरखवानी

(3) कीर्तिलता

(4) आल्ह खंड

89. तालु और जीभ के स्पर्श से बोले जाने वाले वर्ण कहलाते हैं

(1) कंठ्य

(2) तालव्य

(3) तालुभ्य

(4) ओष्ठ्य

90. 'महाराज शिवाजी का पत्र' कविता के लेखक हैं

(1) भूषण

(2) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(3) रामधारीसिंह 'दिनकर'

(4) जयशंकर प्रसाद

91. 'शिवशंभु के चिट्ठे' के लेखक कौन हैं

(1) अम्बिकादत्त व्यास

(2) बाबू तोताराम

(3) बालमुकुन्द गुप्त

(4) बालकृष्ण भट्ट

www.satishlecturer.com

92. जो शब्द संस्कृत से बिना किसी परिवर्तन के हिन्दी में ले लिए गए हैं, वे कहलाते हैं

(1) देशज

(2) तत्सम्

(3) तद्भव

(4) सुसंस्कृत

93. 'आलो–आंधारि' पुस्तक किसने लिखी है

(1) अनुपम मिश्र ने

(2) बेबी हालदार ने

(3) सैयद हैदर ने

(4) कुमार गंधर्व ने

94. 'पानी गए न ऊबरै, मोती मानुष चून' में कौन-सा अलंकार है

(1) यमक

(2) अनुप्रास

(3) श्लेष

(4) अन्योक्ति

95. 'उज्जवल' शब्द का शुद्ध रूप है

(1) उजज्वल

(2) उज्ज्वल

(3) उज्जल

(4) उज्वल

96. 'गंगा' का पर्यायवाची *नहीं* है

(1) मंदाकिनी

(2) भागीरथी

(3) सुरसरि

(4) तटिनी

97. 'सप्तशती' में कौन-सा समास है

(1) द्वन्द्व समास

(2) द्विगु समास

(3) तत्पुरुष समास

(4) बहुव्रीहि समास

98. 'वह तोड़ती पत्थर' कविता किसने लिखी है

(1) सुमित्रानंदन पंत ने

(2) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने

(3) जयशंकर प्रसाद ने

(4) हरिवंश राय बच्चन ने

99. 'महान' का सही स्त्रीलिंग कौन-सा होगा

(1) महानी

(2) महाज्ञी

(3) महती

(4) महाननी

www.satishlecturer.com

100. हरिवंशराय बच्चन की लोकप्रिय कृति 'मधुशाला' का प्रकाशन कब हुआ

(1) 1937 में

(2) 1935 में

(3) 1925 में

(4) 1941 में

101. 'अनभैवाणी' किसकी प्रसिद्ध कृति है

(1) रैदास की

(2) नानक की

(3) कबीर की

(4) दादूदयाल की

102. "नहि पराग नहिं मधुर मधु, नहि विकास इहि काल।
अलि कलि हि सों बंध्यो, आगे कौन हवाल।।"
इस दोहे में कौन-सा अलंकार है

(1) उपमा

(2) उपमेय

(3) अन्योक्ति

(4) दृष्टांत

103. 'अमर' का विलोम शब्द है

(1) मरणशील

(2) नाशवान

(3) अजर

(4) मर्त्य

104. 'एकता' का विलोम शब्द है

(1) लड़ाई

(2) फूट

(3) आपसी वैमनस्य

(4) अनेकता

105. "जिस तरह हम बोलते हैं, उस तरह तू लिख,
और इसके बाद भी, हम से बड़ा तू दिख,"
प्रसिद्ध पंक्तियाँ किस कवि की हैं

(1) रघुवीरसहाय की

(2) अज्ञेय की

(3) भवानीप्रसाद मिश्र की

(4) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना की

106. 'चन्द्रमा' का पर्याय बताइये

(1) पद्माकर

(2) कलानिधी

(3) अभ्र

(4) भौतिक

www.satishlecturer.com

107. खड़ी बोली का महत्त्वपूर्ण ग्रंथ 'एकांतवासी योगी' के लेखक हैं

(1) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(2) श्रीधरपाठक

(3) मैथिलीशरण गुप्त

(4) रामधारीसिंह 'दिनकर'

108. 'पानी परात को हाथ छुयो नहि
नैनन के जल सो पग धोए'
में कौन-सा अलंकार है

(1) यमक

(2) अतिशयोक्ति

(3) रूपक

(4) भ्रांतिमान

109. 'केतन' किसका पर्यायवाची है

(1) दास का

(2) कमल का

(3) लहर का

(4) ध्वजा का

110. परम + अर्थ = परमार्थ में कौन-सी सन्धि है

(1) दीर्घ

(2) गुण

(3) वृद्धि

(4) यण

111. निम्न में से कौन-सा कवि अष्टछाप कवि नहीं है

(1) परमानन्ददास

(2) नंददास

(3) सूरदास

(4) रसखान

112. घनानन्द किस धारा के कवि माने जाते हैं

(1) रीतिबद्ध

(2) रीतिमुक्त

(3) रीतिसिद्ध

(4) तीनों धाराओं के

113. संस्कृत के वे शब्द जो कुछ परिवर्तित होकर हिंदी में प्रयुक्त होते हैं, कहलाते हैं

(1) तत्सम्

(2) अर्द्ध तत्सम्

(3) तद्भव

(4) देशज

www.satishlecturer.com

114. शिवमंगलसिंह 'सुमन' ने मुख्य रूप से कौन-सी शैली को अपनाया था

(1) गीती शैली

(2) मुक्तछंद शैली

(3) पद शैली

(4) मुक्तक शैली

115. हिन्दी गद्य का युग–प्रवर्तक किसे कहा जाता है

(1) राजा लक्ष्मण सिंह को

(2) राजा शिवप्रसाद 'सितारे हिन्द' को

(3) भारतेंदु हरिश्चंद्र को

(4) प्रेमचन्द को

116. रीति काल के प्रवर्तक कवि माने जाते हैं

(1) चिन्तामणी

(2) बिहारी

(3) देव

(4) केशवदास

117. 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' कृति के लेखक हैं

(1) मोहन राकेश

(2) कमलेश्वर

(3) धर्मवीर भारती

(4) राजेन्द्र यादव

118. सुभद्राकुमारी चौहान की कविताओं का मूल स्वर है

(1) आध्यात्मिक

(2) सामाजिक संघर्ष

(3) आदर्शवादिता

(4) राष्ट्रीयता की भावना

119. 'सीता का मुख चन्द्रमा के समान सुंदर है।' इस वाक्य में कौन-सा अलंकार है

(1) उपमा

(2) उपमेय

(3) श्लेष

(4) भयालंकार

120. 'समुद्रोर्मि' का सन्धि-विच्छेद बताइये

(1) समुद्र + उर्मि

(2) समुद्र + ओर्मि

(3) समुद्रो + उर्मि

(4) समुद्र + ओरमी

www.satishlecturer.com

121. निम्न में से कौन-सा कवि भक्तिकाल का कवि है

(1) बिहारी

(2) सेनापति

(3) अमीर खुसरो

(4) नंददास

122. रौद्र रस का स्थायी भाव होता है

(1) क्रोध

(2) वीरता

(3) उत्साह

(4) भय

123. गीतिका छंद के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं

(1) छब्बीस

(2) सोलह

(3) इक्कीस

(4) बारह

124. कविता का सबसे पहला उपकरण है

(1) छंद

(2) भाव

(3) शब्द

(4) अक्षर

125. निम्न में कौन-से दीर्घ स्वर हैं

(1) आ, ई, ऊ, ए

(2) क, ग, च, फ

(3) ऊ, इ, उ, ऋ

(4) प, फ, भ, म

126. ऑल इण्डिया रेडियो की स्थापना कब हुई थी

(1) 1936 में

(2) 1941 में

(3) 1947 में

(4) 1951 में

127. जिस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं, वह कहलाता है

(1) द्वन्द्व समास

(2) द्विगु समास

(3) तत्पुरुष समास

(4) अव्ययीभाव समास

128. अपनी इच्छानुसार पति का वर करने वाली, कहलाती है

(1) इच्छिता

(2) स्वयंवरा

(3) स्वतन्त्रा

(4) पतिवरा

www.satishlecturer.com

129. रांगेयराघवकृत 'तूफानों के बीच' है

(1) कहानी

(2) उपन्यास

(3) संस्मरण

(4) रिपोर्ताज

130. 'तारसप्तक' किसके संपादन में प्रकाशित हुआ था

(1) रामविलास शर्मा के

(2) अज्ञेय के

(3) नागार्जुन के

(4) रघुवीरसहाय के

131. चौपाई के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं

(1) सोलह

(2) तेरह

(3) चौबीस

(4) बारह

132. 'अनाज' शब्द में कौन-सी संज्ञा है

(1) भाववाचक

(2) द्रव्यवाचक

(3) समूहवाचक

(4) जातिवाचक

133. जिस संज्ञा में किसी वस्तु के गुण, धर्म, अवस्था आदि का बोध होता है, उसे कहते हैं

(1) भाववाचक संज्ञा

(2) समूहवाचक संज्ञा

(3) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(4) धर्मवाचक संज्ञा

134. 'पंचशर' किसका पर्यायवाची है

(1) इन्द्र का

(2) रावण का

(3) कमल का

(4) कामदेव का

135. 'गीतफरोश' के लेखक का नाम है

(1) जयशंकर 'प्रसाद'

(2) दुष्यंतकुमार

(3) भवानीप्रसाद मिश्र

(4) रघुवीरसहाय

www.sarkarilecturer.com

136. 'फ्री लांसर' पत्रकार किसे कहते हैं

(1) पूर्णकालिक पत्रकार को

(2) अंशकालिक पत्रकार को

(3) स्वतंत्र पत्रकार को

(4) वेतनभोगी पत्रकार को

137. 'विराटा की पद्‌मिनी' किस श्रेणी का उपन्यास है

(1) ऐतिहासिक

(2) आदर्शवादी

(3) सामाजिक

(4) यथार्थवादी

138. माखनलाल चतुर्वेदी ने कौन-से पत्र का संपादन किया था

(1) कर्मवीर

(2) प्रतीक

(3) नीलाभ

(4) रूपाभ

139. 'नासिकेतोपाख्यान' ग्रंथ किसकी रचना है

(1) इंशा अल्ला खाँ

(2) सदल मिश्र

(3) लल्लू जी लाल

(4) सदासुख लाल

140. 'कान्त' शब्द का समानार्थी बताइए

(1) कण्ठ

(2) सोना

(3) पति

(4) कनक

141. निम्न में से कौन-सी वर्तनी शुद्ध है

(1) अतिथी

(2) अतिथि

(3) अतीथि

(4) अतीथी

142. 'सन्निहित' का सही संधि विच्छेद है

(1) सत + निहित

(2) सम + निहित

(3) सत् + निहित

(4) सन + निहित

www.satishlecturer.com

B

143. निम्न में से कौन-सा नाटक मूलतः रेडियो के लिए लिखा गया था

(1) चन्द्रगुप्त

(2) स्कन्दगुप्त

(3) अंधायुग

(4) ध्रुवस्वामिनी

144. 'स्पीति में बारिश' है

(1) रिपोर्ताज

(2) ललित निबन्ध

(3) आत्मकथ्य

(4) यात्रा वृत्तान्त

145. 'भाई–बहन' में कौन-सा समास है

(1) बहुव्रीहि

(2) तत्पुरुष

(3) द्विगु

(4) द्वन्द्व

146. निम्न में से शुद्ध वाक्य चिन्हित कीजिए

(1) भक्तियुग का काल स्वर्णयुग माना जाता है

(2) भक्तिकाल का समय स्वर्णयुग था

(3) भक्तिकाल स्वर्णयुग माना जाता है

(4) भक्तिकाल युग को स्वर्णयुग माना जाता है

147. प्रयोगवाद का आधार ग्रंथ माना जाता है

(1) तार–सप्तक

(2) वह तोड़ती पत्थर

(3) युगवाणी

(4) कुकुरमुत्ता

148. 'लद्दाख यात्रा की डायरी' के लेखक हैं

(1) कर्नल सज्जनसिंह

(2) डॉ. रघुवंश

(3) राहुल सांकृत्यायन

(4) मोहन राकेश

www.satishlecturer.com

149. 'दिवावसान का समय
मेघमय आसमान से उतर रही है
वह संध्या सुंदरी परी सी
धीरे धीरे धीरे'
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है

(1) अन्योक्ति
(2) श्लेष
(3) विभावना
(4) मानवीकरण

150. वीर रस का स्थायीभाव होता है

(1) उत्साह
(2) वीरता
(3) भय
(4) निर्वेद

151. निम्न में से कौन-सी रचना रामधारी सिंह दिनकर की है

(1) भारतीय संस्कृति के स्वर
(2) अपनी खबर
(3) ठेले पर हिमालय
(4) संस्कृति के चार अध्याय

152. रामचरितमानस का मुख्य छंद है

(1) दोहा
(2) चौपाई
(3) सोरठा
(4) कवित्त–सवैया

153. प्रेमचन्द की कौन-सी कहानी का नाट्य रूपान्तरण हुआ है

(1) बड़े भाई साहब
(2) पंच परमेश्वर
(3) ठाकुर का कुँआ
(4) बड़े घर की बेटी

154. निम्न में से गलत युग्म चुनिए

(1) रामचरितमानस–तुलसीदास
(2) विनयपत्रिका–सूरदास
(3) नीरजा–महादेवी वर्मा
(4) राग–विराग–सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

155. 'पालर पानी' कहा जाता है

(1) सीधे बरसात से मिलने वाले पानी को
(2) तालाब से मिलने वाले पानी को
(3) नदियों के पानी को
(4) सागर के पानी को

14
12

www.satishlecturer.com

156. अद्भुत रस का स्थायी भाव कौन-सा है

(1) क्रोध

(2) भय

(3) आश्चर्य या विस्मय

(4) उत्साह

157. 'हरि' शब्द कौन-सी संज्ञा का बोध कराता है

(1) जातिवाचक संज्ञा

(2) भाववाचक संज्ञा

(3) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(4) समूहवाचक संज्ञा

158. अमानवीय कहा जाता है

(1) मनुष्य द्वारा किए जाने योग्य न हो

(2) मानव जैसा न हो

(3) मानव के बिल्कुल विपरीत हो

(4) मानव के विलोम को

159. निम्न में से कौन-सी रचना त्रिलोचन की है

(1) साये में धूप

(2) उस जनपद का कवि हूँ

(3) बुनी हुई रस्सी

(4) अकाल में सारस

160. 'विलम्ब' का विलोम है

(1) जल्दी

(2) शीघ्र

(3) अविलम्ब

(4) विलम्बित

161. 'शेखर : एक जीवनी' किस विधा की रचना है

(1) कहानी

(2) जीवनी

(3) उपन्यास

(4) आत्मकथा

162. 'ओ अप्रस्तुत मन' काव्य संग्रह के लेखक हैं

(1) गिरिजाकुमार 'माथुर'

(2) रघुवीर सहाय

(3) भारतभूषण अग्रवाल

(4) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

www.satishlecturer.com

163. 'अधजल गगरी छलकत जाय' मुहावरे का अर्थ है

(1) आधे जल की गगरी छलकती जाती है

(2) आधी गगरी में जल छलकता रहता है

(3) ओछा आदमी ओछी हरकत करता है

(4) ओछा आदमी जरा सी उपलब्धि पर इतराने लगता है

164. 'बीट' किसे कहा जाता है

(1) संवाददाताओं के कार्य क्षेत्र को

(2) संवाददाताओं की रुचि को

(3) संवाददाताओं के पद को

(4) संवाददाताओं की विशेष रिपोर्टिंग को

165. जहाँ उपमेय में उपमान को आरोपित किया जाता हो वहाँ कौन-सा अलंकार होता है

(1) रूपक

(2) उत्प्रेक्षा

(3) उपमा

(4) व्यतिरेक

166. निम्न में से कौन व्यंग्य लेखक *नहीं* है

(1) शरद जोशी

(2) हरिशंकर परसाई

(3) श्रीलाल शुक्ल

(4) सेठ गोविन्ददास

167. कृष्णा सोबती की प्रसिद्ध रचना है

(1) जिन्दगीनामा

(2) झूठा सच

(3) आधा गाँव

(4) तमस

168. कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' किसने कहा था

(1) हजारीप्रसाद द्विवेदी ने

(2) रामचन्द्र शुक्ल ने

(3) नामवर सिंह ने

(4) महावीरप्रसाद द्विवेदी ने

169. 'बड़े घर की बेटी' कहानी के लेखक हैं

(1) प्रेमचन्द

(2) जयशंकर प्रसाद

(3) यशपाल

(4) जैनेन्द्र

170. अमीरखुसरो प्रसिद्ध हैं

(1) दोहों के लिए

(2) पदों के लिए

(3) पहेलियों और मुकरियों के लिए

(4) उलटबांसियों के लिए

www.satishlecturer.com

171. 'अन्धों में काना राजा' मुहावरे का अर्थ है

(1) अन्धों का राजा काना होता है

(2) अन्धों का सहारा काना होता है

(3) अन्धों में राज्य काना करता है

(4) अज्ञानियों में अल्पज्ञ ही विद्वान होता है

172. 'काफिला' कौन-सा शब्द है

(1) जातिवाचक

(2) व्यक्तिवाचक

(3) समूहवाचक

(4) गुणवाचक

173. 'रसों का राजा' किस रस को कहा जाता है

(1) श्रृंगार रस को

(2) वीर रस को

(3) रौद्र रस को

(4) भक्ति रस को

174. "ये अनाज की पूलें तेरे कांधे झूलें" कविता का वर्ण्य है

(1) भारतीय किसान की पीड़ा

(2) भारतीय किसान की समस्याएँ

(3) भारतीय किसान की गौरवगाथा

(4) भारतीय किसान की दुर्दशा

175. जिसकी मृत्यु न हो वह कहलाता है

(1) अजर

(2) अमर

(3) अधर

(4) अमृत्य

176. 'मसि कागद छुयो नहि कलम गहि नहि हाथ' पंक्ति के लेखक हैं

(1) गुरु नानक

(2) रैदास

(3) कबीर

(4) नामादास

www.satishlecturer.com

177. 'कोसी का घटवार' कहानी संग्रह के लेखक हैं

(1) कृष्णनाथ

(2) मन्नूभंडारी

(3) कृष्णासोबती

(4) शेखरजोशी

178. 'पृथ्वीराज रासो' किस काल की रचना है

(1) भक्तिकाल

(2) आदिकाल

(3) रीतिकाल

(4) आधुनिककाल

179. "रहिमन असुँआ नयन ढ़रि, जिय दुःख प्रकट करेई

जाहि निकारों गेह से कस न भेद कहि देई"

दोहे में कौन-सा अलंकार है

(1) श्लेष

(2) उपमा

(3) अतिशयोक्ति

(4) दृष्टान्त

180. 'खोदा पहाड़ निकली चुहिया' मुहावरे का सही अर्थ है

(1) पहाड़ खोदने पर चूहा निकलना

(2) बड़े काम का छोटा नतीजा

(3) बहुत अधिक परिश्रम का कम फल मिलना

(4) पहाड़ खोदते हैं तो चूहे निकल भागते हैं

181. जो शब्द किसी संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण या विशेषता को प्रकट करता है, उसे कहते हैं

(1) संज्ञा

(2) विशेषण

(3) सर्वनाम

(4) विशेष्य

182. वे छंद जिनमें परम्परा से हटकर रचना की जाती है, कहलाते हैं

(1) मुक्त छंद

(2) अपारंपरिक छंद

(3) नियममुक्त छंद

(4) पारम्परिक छंद

183. 'तन की आस कबहू नहिं कीनी, ज्यों रण माहि सूरो' पंक्ति किसकी लिखी है

(1) सूरदास की

(2) मीरा की

(3) रैदास की

(4) अक्क महादेवी की

184. 'केर–बेर का संग होना' मुहावरे का सही अर्थ है

(1) केर और बेर एक साथ होना

(2) विरुद्ध स्वभाव वालों का साथ होना

(3) केर और बेर का मिश्रण होना

(4) केर और बेर का स्वाद एक-सा होना

www.satishlecturer.com

185. जिन छंदों में वर्णों की संख्या निर्धारित होती है, उन्हें कहते हैं

(1) वर्णिक छंद

(2) मात्रिका छंद

(3) वर्ण प्रधान छंद

(4) वर्णित छंद

186. 'सन्धि' का विलोम शब्द कौन-सा है

(1) विसन्धि

(2) असधि

(3) विग्रह

(4) गठजोड़

187. 'प्रज्ञा' का समानार्थी शब्द नहीं है

(1) ज्ञान

(2) बुद्धि

(3) प्राण

(4) सरस्वती

188. एक + एक = एकैक में कौन-सी संधि है

(1) वृद्धि स्वरसंधि

(2) यण स्वरसंधि

(3) अयादि संधि

(4) गुण स्वरसंधि

189. "नाक का मोती अधर की कांती से
बीज दाड़िम का समझकर भ्रांति से।"
इन पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है

(1) उपमा

(2) प्रतीप

(3) रूपक

(4) भ्रांतिमान

190. राष्ट्रीय जागरण युग में भाषा के परिष्कार की दिशा में कार्य करने वाली पत्रिका का नाम है

(1) हंस

(2) वसुधा

(3) सरस्वती

(4) सत्यार्थ प्रकाश

www.satishlecturer.com

191. 'अनाथ' का विलोम शब्द है

(1) सनाथ

(2) सपुत्र

(3) पुत्रवाला

(4) सन्तती

192. हिन्दी का पहला साप्ताहिक पत्र कौन-सा था

(1) बंगाल गजट

(2) हिक्की गजट

(3) उदंत मार्तण्ड

(4) भारत समाचार

193. 'आपका बंटी' किसकी रचना है

(1) कृष्णा सोबती की

(2) मन्नू भण्डारी की

(3) राजेन्द्र यादव की

(4) मन्नू भण्डारी और राजेन्द्र यादव की

194. 'मनुष्य' कौन-सी संज्ञा है

(1) भाववाचक

(2) जातिवाचक

(3) व्यक्तिवाचक

(4) नामवाचक

195. 'इंट्रो' किसे कहते हैं

(1) समाचार के मुखड़े को

(2) समाचार के सार को

(3) समाचार के शीर्ष को

(4) समाचार के अंत को

196. 'चाँदनी' का सही पर्यायवाची शब्द होगा

(1) मजलिस

(2) सोमा

(3) विभावी

(4) जुन्हाई

197. 'नवैश्वर्य' का सन्धि विच्छेद होगा

(1) नव + ऐश्वर्य

(2) नव् + ऐश्वर्य

(3) न + ऐश्वर्य

(4) नवः + ऐश्वर्य

198. 'पथेर पांचाली' किस प्रकार की रचना है

(1) कहानी

(2) कविता

(3) उपन्यास

(4) फिल्म

www.satishlecturer.com

B

199. कोलकाता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कब हुई थी

(1) 1859 में

(2) 1806 में

(3) 1860 में

(4) 1902 में

200. 'संतनि में रविदास संत' रैदास के बारे में यह किसने कहा था

(1) नाभादास ने

(2) प्रियादास ने

(3) दादूदयाल ने

(4) कबीर ने

www.satishlecturer.com